www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-294 सागवाड़ा, शनिवार, 16 जुलाई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# राजस्व मंत्री के सामने फूटा विधायक गणेश का गुस्सा

## बोले – पैराफेरी से गांवों को हटाओ नहीं तो कांकरी डूंगरी से भी बड़ा आंदोलन होगा

**डूंगरपुर।** प्रदेश के राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने आज शनिवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। लोगों के साथ ही कांग्रेस के नेता और विधायको ने भी राजस्व से जुड़ी अपनी समस्याएं खुलकर रखी। विधायक गणेश घोघरा ने एक बार फिर सरकारी अफसरों पर नाकामी के आरोप लगाते हुए कहा की डूंगरपुर नगर परिषद के पेराफेरी में। गांवों के लोगों की जमीन हड़पी जा रही है। इसे रोका नहीं गया तो कांकरी डूंगरी से भी बड़ा आंदोलन होगा।

विधायक और यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा के साथ डूंगरपुर नगर परिषद से लगती हुई कुशालमगरी, भाटपुर, बिलड़ी समेत। पंचायतों के सरपंच और लोग पहुंचे। विधायक ने सुरपुर पंचायत में प्रशासन गांवों के संग शिविर में लोगो को पट्टे नही मिलने की समस्या का जिक्र करते हुए कहा की अफसरों की मनमानी से लोग परेशान है। लोगो को आज तक पट्टे नही मिले है। सरकारी अफसर गहलोत और कांग्रेस की योजनाओं को फेल करने में लगे है। विधायक ने कहा की डूंगरपुर नगर परिषद क्षेत्र के सभी। गांवों की 2500 बीघा से ज्यादा जमीन जा रही है। जबकि वे लोग बरसो से अपना घर बनाकर रह रहे है। खेतीबाड़ी कर रहे है। लेकिन मास्टर प्लान के नाम पर उनकी जमीन हड़पी जा रही है। इसे तुरंत रोका जाए नही तो कांकरी डूंगरी से भी बड़ा आंदोलन होगा। विधायक द्वारा हिंसक आंदोलन की चेतावनी देने के सवाल को मंत्री मंत्री रामलाल जाट टाल गए और कहा कि इस बारे में आप विधायक से ही पूछे। इसके अलावा मंत्री रामलाल ने कहा की बरसो से काबिज या खेतीबाड़ी करने वाले किसी भी व्यक्ति को सरकार नहीं हटाएगी। सभी लोगो को उनकी जमीन का हक मिलेगा। इसके बाद जो जमीन बचेगी उसी को नगर परिषद को दी जाएगी। मास्टर प्लान में सड़के, नाली जैसी सुविधाओ को लोगो को कैसे दिया जाए। इसी के प्रयास किए जा रहे है।

## राजस्व मंत्री ने ली विभागीय बैठक, जनप्रतिनिधियों की मांग पर जरुरी पंचायतो में प्रशासन गांवों के संग शिविर लगाने के दिए निर्देश

**डूंगरपुर।** प्रदेश के राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने डूंगरपुर जिले के दौरे के दौरान जिला परिषद सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में जनप्रतिनिधियो ने राजस्व विभाग से जुड़े मुद्दों के साथ प्रशासन गाँवों के संग अभियान में रही कमियों को उठाते हुए कई पंचायतो में पुनः शिविर लगाने की मांग उठाई। जिस पर राजस्व मंत्री ने जरुरी पंचायतो में फिर से शिविर लगाने के निर्देश दिए। वही बैठक में नगरपरिषद क्षेत्र से लगते पेरा-फेरी गाँवों का मुद्दा भी जनप्रतिनिधियो ने उठाते हुए समाधान की मांग की।

प्रदेश के राजस्व मंत्री रामलाल जाट डूंगरपुर जिले के दौरे पर है। अपने दौरे के दौरान राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने बंजर भूमि विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप चौधरी के साथ जिला परिषद सभागार में राजस्व विभाग की बैठक ली। बैठक में एससी वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष शंकर यादव, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव, एसपी राशी डोगरा सहित अन्य अधिकारी व पंचायत समितियों के प्रधान और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा के साथ जिले में प्रशासन गाँवों के संग अभियान में लगे शिविरों में दिए गए लाभों की भी जानकारी ली। प्रशासन गाँवों के संग अभियान की समीक्षा के दौरान कई प्रधानो ने प्रशासन गांवो के संग अभियान के दौरान पटवारियों की हड़ताल व अन्य कारणों से ग्रामीणों को पूरा लाभ नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए फिर से उन पंचायतो में शिविर लगाने की मांग की। जिस पर राजस्व मंत्री ने जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने जिन पंचायतो में शिविर का लाभ नहीं मिल पाया है वहा पर पुनः शिविर लगाने के निर्देश दिए। वही बैठक में दोवडा प्रधान सागर ने अभियान के तहत लगे शिविरों में पैसे वालो लोगो को भूमि आवंटन व गरीब लोगो को भूमि आवंटन नहीं होने की शिकायत की। जिस पर मंत्री जाट ने जिला कलेक्टर को मामले को दिखवाने के निर्देश दिए। इधर बैठक में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, बिछीवाडा प्रधान देवराम रोत ने डूंगरपुर नगरपरिषद क्षेत्र से लगते पैरा-फेरी गाँवों में सालो से बिलानाम भूमि पर मकान बनाकर रहने वाले ग्रामीणों को आबादी पट्टे व किसानो को खातेदारी हक़ दिए जाने का मुद्दा उठाया। जिस पर राजस्व मंत्री ने जिला कलेक्टर को पेरा-फेरी गाँवों का सर्वे करवाकर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए।

## केंद्र सरकार की योजना का लाभ दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

### कई लोगों से हडपी थी 20 लाख से ज्यादा की रकम

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले की धम्बोला थाना पुलिस ने केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगो से लाखो की धोखाधडी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कई लोगो से 20 लाख से ज्यादा की रकम हडपी थी। पुलिस ने आरोपी को डूंगरपुर जिला कारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाने के एएसआई अशोक कुमार कलाल ने बताया की धंबोला थाना क्षेत्र के अंबाऊ निवासी कन्हैया लाल पुत्र वागा डामोर ने 27 जून 2022 को धोखाधड़ी एवं अमानत में खयानत का मामला दर्ज कराया था।

जिसमे बताया था की संतरामपुर, पंचमहल उखरेली सेमलिया पाड़ा निवासी प्रवीण पुत्र गोविंद भाई परमार व उसका एक साथी सीथल निवासी लोकेश डामोर 29 दिसंबर 2020 को आए थे। उन्होंने केंद्र सरकार की योजना का झांसा देकर बोरवेल खुदवाने, मोटर लगाने एवं केटल शेड स्वीकृत कराने काश्तकारों को स्कीम में मिलने की बताई। सिथल निवासी लोकेश डामोर ने प्रवीण को हरि ओम विकलांग विकास ट्रस्ट का प्रमुख बता कर स्क्रीन के आधार पर बोरवेल एवं कैटल शेड स्वीकृत कराने की बात कही थी। जिसके आधार पर उनकी बातों पर झांसे में आ गए। जिस पर पीड़ित ने स्वयं, माता माली व पत्नी अम्बा के नाम से ढाई - ढाई लाख रुपया आरोपी के खाते में जमा कराये। वही इसके कई लोगो के मिलाकर कुल 16 लाख 87 हजार 5 सौ रुपए हड़प लिए है। लेकिन किसी भी प्रकार से कोई लाभ नहीं दिलाया है।

स्कीम का लाभ दिलाने बहानेबाजी करते रहे। उसी प्रकार रामसौर जूना निवासी शैलेश पुत्र भीखा डामोर एवं भरत पुत्र अजुरा डामोर से भी केंद्र सरकार की योजना का लाभ दिलाने के बहाने 3 लाख रुपए हड़प लिए है। पीड़ित की रिपोर्ट पर धम्बोला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वही आज धम्बोला थाना पुलिस ने आरोपी प्रवीण को डूंगरपुर जिला कारागृह से प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी से धंबोला पुलिस पूछताछ कर रही हैं। वही आरोपी लोकेश डामोर फरार चल रहा है।

## राजस्थानी ही चलाएंगे दोनों सदन

### कामयाब वकील रहे हैं जगदीप धनखड़



**जयपुर।** NDA (नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस) के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित किए गए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ वकालत से लेकर राजनीति तक प्रभावशाली चेहरा रहे हैं। मौजूदा सियासी समीकरणों के आधार पर जगदीप धनखड़ का उपराष्ट्रपति पद पर चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। झुंझुनू निवासी धनखड़ के जीतने के बाद संसद के दोनों सदनों को चलाने वाले राजस्थान के नेता होंगे। कोटा से सांसद ओम बिडला लोकसभा अध्यक्ष हैं। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति होते हैं, इस लिहाज से धनखड़ राज्यसभा चलाएंगे। झुंझुनू जिले के एक छोटे से गांव किठाना में पैदा हुए जगदीप धनखड़ ने राजस्थान हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक वकालत की। हाईकोर्ट में कई हाई प्रोफाइल मुकदमों की पैरवी की। जेपी आंदोलन के दौरान भी धनखड़ सक्रिय रहे थे। वकालत से लेकर सियासत तक दोनों मोर्चों पर धनखड़ बराबर अपना लोहा मनवाते रहे हैं। दिग्गज नेता देवीलाल के नजदीक रहे। पूर्व उपराष्ट्रपति और राजस्थान के पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत के भी नजदीकी रहे हैं। जनता दल से सांसद, कांग्रेस से विधायक रहे। केंद्र में लॉ मिनिस्टर रहे।

## मेरी सरकार कैसे बच गई यह अचंभाः गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सीजेआई सहित सुप्रीम कोर्ट के जजों और देश भर के हाईकोर्ट के सीजे की मौजूदगी में बीजेपी पर हॉर्स ट्रैडिंग का आरोप लगाते हुए राजस्थान में सरकार गिराने का मुद्दा उठाया है। गहलोत ने कहा- देश में हालात बहुत गंभीर हैं। सरकारें बदल रही हैं। बताइए आप, गोवा, मणिपुर, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में सरकारें बदल दीं। शिंदे साहब बैठे हैं हमारे, एक शिंदे जी ये बैठे हुए हैं, एक शिंदे मुख्यमंत्री बन गए। ये तमाशा है? क्या लोकतंत्र है अभी देश के अंदर? कैसे रहेगा लोकतंत्र? अगर चुनी हुई सरकारें हॉर्स ट्रेडिंग से बदली जाएंगी तो कैसे चलेगा। ये तो मेरी सरकार पता नहीं कैसे बच गई, ये भी आश्चर्य हो रहा है देश के अंदर, वरना आपके सामने मैं खड़ा नहीं होता। रिजिजू जी के सामने कोई दूसरा मुख्यमंत्री आपको मिलता यहां अभी। टच एंड गो का मामला ही था वहां पर। मैं समझता हूं कि नाजुक है,हमें उसको देखना पड़ेगा। गहलोत ने कहा- जिंदगी में मैं मुख्यमंत्री बना हूं, कोई एमएलए बनता है, एमपी बनता है, प्राइम मिनिस्टर बनता है, आप जजेज बनते हैं, कितना गर्व होता है कि जिंदगी में देश सेवा का मौका मिला है।

## बच्चों के सिर पर नहीं रही ममता की छाँव, मां ने साडी से फंदा लगाकर घर में की आत्महत्या

### कारणों का नहीं हुआ खुलासा, पीहर पक्ष ने जताया संदेह

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाना क्षेत्र के नवाघरा गाँव में 5 बच्चो की माँ ने घर में साडी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला 5 वर्षीय बेटी के साथ घर पर अकेली थी। महिला के चार बच्चे स्कूल गए हुए थे वही पति मजदूरी के लिए गया हुआ था। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर महिला की मौत के बाद 5 बच्चो के सिर से ममता की छाँव नहीं रही है।

डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की नवाघरा गाँव निवासी सविता खराड़ी अपनी 5 साल की बेटी के साथ घर पर अकेली थी। उसके चार अन्य बच्चे स्कूल गए हुए थे। वही उसका पति मोहन खराड़ी मजदूरी के लिए गया हुआ था। पीछे से सविता ने घर में अपनी ही साडी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर 5 वर्षीय बेटी ने जब अपनी माँ को फंदे से झूलते हुए देखा तो उसने स्कूल जाकर अपने बड़े भाई बहिनों को इसके बारे में बताया। जिस पर बच्चे दौड़कर अपने घर आये और आसपास के लोगो को इसकी जानकारी दी। इसके बाद लोगो ने इसके बारे में मृतका के पति को सुचना दी। सुचना पर पति मौके पर पहुंचा और बिछीवाडा थाना पुलिस को मामले की सुचना दी। सुचना पर बिछीवाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर पुलिस ने मामले की सुचना मृतका के पीहर पक्ष को दी। पीहर पक्ष भी सुचना पर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचा। जहा पर पीहर पक्ष ने मौत पर संदेह जताया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। बिछीवाडा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर महिला की मौत के बाद 5 बच्चो के सिर से ममता की छांव अब नहीं रही है।

## जयपुर के नाले में मिला युवक का शव

**जयपुर।** जयपुर में एक फैक्ट्री के पास सीमेंट नाले में शनिवार सुबह एक युवक का शव मिला। 3 दिन पुरानी लाश सड़ने पर उठी बदबू से लोगों को पता चला। कानोता थाना पुलिस ने स्रस्रुटीम की मदद से सबूत जुटाए।

## मां को दूकान पर खाना देकर गांव जाने निकली थी 14 वर्षीय बालिका, कुछ देर बाद खेता में संदिग्ध हालत में मिला बालिका का शव

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के वासुवा गांव में एक 14 वर्षीय बालिका का शव खेत में संदिग्ध हालत में शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। बालिका कुछ देर पहले ही अपनी माँ को दूकान पर खाना देकर गाँव जाने के लिए निकली थी। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की वासुवा गांव निवासी ईश्वर लाल ननोमा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में ईश्वरलाल ननोमा ने बताया की उसकी 14 वर्षीय बेटी कोमल ननोमा अपनी माँ को दूकान पर खाना देने गई थी। वही दूकान पर माँ को खाना देकर वह वापस अपने घर जाने के लिए निकली थी।

कुछ देर बाद ग्रामीणों ने कोमल का शव खेतो में अचेत अवस्था में पड़ा हुआ देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी कोमल के पिता ईश्वर ननोमा को दी और कहा की वे कोमल को लेकर जिला अस्पताल जा रहे है।

वही सुचना पर ईश्वर ननोमा भी डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचा। जहा पर डॉक्टर ने कोमल की जांच की तो उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने मामले की सुचना चौरासी थाना पुलिस को दी। सुचना पर चौरासी थाने की वेंजा पुलिस चौकी के प्रभारी मनोहर सिंह अन्य पुलिसकर्मियों के साथ डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे। जहा पर पुलिस ने शव को वार्ड से जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। इधर बालिका की मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किसान सुरेंद्र अवाना ने बढ़ाया राजस्थान का मान

## कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में नवाचार के लिए मिला जगजीवनराम अभिनव इनोवेटिव फार्मर अवार्ड



**जयपुर।** कृषि में नई तकनीक का सहारा लेकर करोड़ों कमाने वाले राजस्थान के किसान सुरेंद्र अवाना ने एक बार फिर राजस्थान का नाम रोशन किया है। शनिवार को सुरेंद्र को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जगजीवन राम अभिनव एवं इनोवेटिव फॉर्मर राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अवाना को यह सम्मान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 94वें स्थापना दिवस के मौके पर दिल्ली में दिया गया। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री कैलाश चौधरी और पुरुषोत्तम रुपाला भी मौजूद रहे। दरअसल, जयपुर से 50 किलोमीटर दूर बिचनू के पास भैराणा गांव है। किसान सुरेंद्र अवाना ने 80 बीघा में फॉर्मिंग मॉडल तैयार किया है। खेत में फिश पॉन्ड से लेकर पशु आहार तक की फैक्ट्री लगा दी है। यहां प्रदेश का सबसे बड़ा ब्रीडिंग सेंटर भी है, जहां केवल बछड़ियां ही पैदा होती हैं। यहां गिर नस्ल की गाय के साथ डेयरी, फ्रूट प्लांटेशन, ऑर्गेनिक खेती, गाय के गोबर से प्रोडक्ट बनाने की फैक्ट्री, ऑर्गेनिक खाद की फैक्ट्री से लेकर फिश और गोट एंड शीप फॉर्मिंग एक जगह होगी। यह फार्म किसी एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट जैसा लगता है। यहां फार्मिंग से जुड़ा हर प्रयोग देखने को मिलेगा। अवाना के फार्म पर गाय के गोबर में नेचुरल पोषक तत्व मिलाकर ऑर्गेनिक खाद तैयार की जाती है।

इसके लिए वहीं पर फैक्ट्री है। गिर गाय के दूध की डेयरी है। रोज 250 लीटर दूध मिल रहा है। दूध 80 रुपए लीटर के हिसाब से बेचा जाता है। इस फार्म से हर महीने अभी करीब 2.50 लाख रुपए और सालाना 30 लाख रुपए की कमाई हो रही है।

इम्पैक्ट फीचर

## ज़ील हॉस्पिटल रखेगा आपकी खुबसूरती का ख्याल


### ज़ील में अब झड़ते बाल के लिए 'मेसोथेरेपी' और सुंदर दिखने के लिये डर्मा रोल व फेस पीलिंग ट्रीटमेंट की सुविधा

### क्या आप चेहरे की झुर्रियों से परेशान है?

दाग-धब्बों ने चेहरे की खूबसूरती कम कर दी है?
बहुत उपायों के बावजूद भी समस्या से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है?
तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं क्योंकि अब ज़ील हॉस्पिटल रखेगा आपकी खुबसूरती का ख्याल।



### बालों को मजबूत और घना बनाने के लिए बेस्ट है 'मेसोथेरेपी'



अगर आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं, तो इन्हें रोकने और मजबूत बनाने के लिए आप 'मेसोथेरेपी' का सहारा ले सकते हैं। बालों को मजबूत और घना बनाने के लिए ये बेस्ट ट्रीटमेंट है। ज़ील हॉस्पिटल की डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. नैना अजमेरा के अनुसार मेसोथेरेपी या मीजोथेरेपी एक प्रकार का हेयर ट्रीटमेंट है। मेसोथेरेपी के दौरान बालों की ग्रोथ के लिए जरूरी सप्लीमेंट्स जैसे-विटामिन डी-3, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट्स आदि को एक दवा के माध्यम से बालों में छोटे-छोटे इंजेक्शन से डाल दिए जाते हैं। इंजेक्शन के अलावा ये सप्लीमेंट्स मीजोगन या डर्मर रोलर से भी बालों में डाले जा सकते हैं।


### फेस पीलिंग ट्रीटमेंट



केमिकल पील चेहरे, गले और हाथों की त्वचा की सुंदरता के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीक है। जिन लोगों को पिंपल और ऐक्ने की समस्या होती है या जिनके चेहरे पर पुराने और गहरे निशान होते हैं, उन लोगों को भी केमिकल पीलिंग का बहुत लाभ होता है। ऐसा नहीं है कि केमिकल पीलिंग सिर्फ आपके फेस या फेस और नेक पर ही की जा सकती है। बल्कि आप सीने, पीठ और हाथों पर भी करा सकते हैं।

### क्या है डर्मा रोलर

डर्मा रोलर्स को फेशियल ट्रीटमेंट के रूप में काम में लिया जाता है। यह एक रोलिंग बैरल है, जिसमें सूइयां लगी हुई होती हैं और इन्हें स्किन की गहराई में डाला जाता है। आपके चेहरे पर झुर्रियां हैं और चेहरे की झुर्रियों को दूर भगाने के साथ-साथ ग्लोइंग स्किन भी चाहती हैं तो डर्मा रोलर का इस्तेमाल करें।



### पीआरपी प्रक्रिया

चेहरे की झुर्रियां और बारीक लाइनों को घटाने, आंखों के नीचे काले घेरों के इलाज के लिए पीआरपी एक आदर्श कॉस्मेटिक सॉल्यूशन है। ऐसा इसलिए, क्योंकि आंखों व त्वचा के नीचे नए कोलेजन का विकास होने से त्वचा में सुधार होता है। इससे आपकी त्वचा में एक नई कांति आती है और पेशेंट को मिलती है कोमल व युवा त्वचा। इन दिनों पीआरपी के इंजेक्शनों का इस्तेमाल सिर की त्वचा में बालों की संख्या बढ़ाने के लिए भी किया जा रहा है।



- ऐसा नहीं है कि सिर्फ बड़ी उम्र के लोगों के लिए ही है। बल्कि इसे 20 के युवा भी करा सकते हैं। ताकि पिंपल्स के निशान, एक्ने या डार्क सर्कल की समस्या से छुटकारा पाया जा सके।
- पीआरपी थेरेपी के जरिये त्वचा की खोई हुई टेक्सचर, टोन और प्राकृतिक चमक वापस पाने में मदद मिलती है

– **डॉ.नैना अजमेरा, डर्मेटोलॉजिस्ट,** ज़ील हॉस्पिटल, सागवाड़ा

**त्वचा को खुबसूरत रखने ये ट्रीटमेंट ज़ील हॉस्पिटल में**

✓स्किन व्हाइटनिंग ट्रीटमेंट ✓मेसोथेरेपी ✓वैम्पायर फेशियल ✓डर्मा रोल ✓फेस पीलिंग ट्रीटमेंट ✓पीआरपी थेरेपी ✓एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट ✓स्किन फेयरनेस ट्रीटमेंट ✓हेयर फॉल ट्रीटमेंट ✓सफेद दाग धब्बों का इलाज ✓तील व मस्से हटाना

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL

**ज़ील मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल**
रुद्रप्रयाग, सागवाड़ा - 314025, जिला - डूंगरपुर (राजस्थान)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करेः 9351230466

24x7 ईमरजेंसी नम्बर 9462996299
treatment@zeelhospital.com